ठीकरिया में हुआ क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

6 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत की अध्यक्षता में राज्य के बाँसवाड़ा ज़िले के ठीकरिया में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन हुआ, जिसका नामकरण हरिदेव जोशी के नाम पर करने की घोषणा की गई है।

प्रमुख बिंदु

- इस स्टेडियम का निर्माण मनरेगा एवं एसएफसी मद से किया गया है, जिसके रखरखाव के लिये ज़िला प्रशासन और राजस्थान क्रिकेट संघ के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।
- विदित है कि बाँसवाड़ा के कई क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्य ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में एक अलग पहचान बनाई। इस क्रिकेट स्टेडियम के बन जाने से यहाँ की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा।
- कार्यक्रम में खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि राज्य सरकार ने खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिये बजट में 500 करोड़ कर प्रावधान किया है तथा खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण दे रही है।
- उल्लेखनीय है कि हरिदेव जोशी (1921-1995) राजस्थान के लोकप्रिय राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता-सेनानी, पत्रकार रहे हैं। जोशी ने राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में कई वर्ष तक पत्रकारिता के जरिये मीडिया-जगत को अपना सक्रिय योगदान दिया था। बाद में वे न केवल राजस्थान के मुख्यमंत्री बने, बल्कि असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के पद पर भी आसीन रहे।

//